
# श्री मोरारजी देसाई जयंती

## स्रोत: पी.आई.बी.

प्रधानमंत्री ने श्री मोरारजी देसाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

- उनका जन्म **29 फरवरी 1896** को गुजरात के भदेली गाँव में हुआ। उन्होंने बंबई में विल्सन सिविल सर्विस से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और **बारह वर्षों तक डिप्टी कलेक्टर के रूप में कार्य किया।**
- मोरारजी देसाई एक भारतीय राजनीतिज्ञ और कार्यकर्त्ता थे जिन्होंने वर्ष 1977 से वर्ष 1979 तक **भारत के चौथे प्रधानमंत्री** के रूप में कार्य किया।
    - प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान **भारतीय संविधान का चवालीसवाँ संशोधन अधिनियमित किया गया** था।
- सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान मोरारजी देसाई कॉन्ग्रेस में शामिल हुए। उन्हें तीन बार कारावास की सज़ा दी गई और उन्होंने **व्यक्तिगत सत्याग्रह** तथा भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।
    - वह **वर्ष 1952 में बॉम्बे के मुख्यमंत्री** बने और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री, तत्कालीन वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने **कामराज योजना** के तहत अपने पद से इस्तीफा दिया और प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की। वर्ष 1977 में उन्होंने प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया।
- उन्होंने ने **गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर में सुधार करने के महत्त्व** पर ज़ोर दिया, किसानों तथा किरायेदारों की मदद के लिये सुधारात्मक प्रयास करते हुए कानून बनाए, सभी के लिये विधि सम्मत शासन का समर्थन किया एवं विश्वास के लेख के रूप में सत्य को बरकरार रखा।



**और पढ़ें...**श्री मोरारजी देसाई

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shri-morarji-desai-birth-anniversary